## कार्यकारिणी को शपथ दिलाई

**अलवर** । सर्राफा व्यापार समिति अलवर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। समारोह में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर पदाधिकारियों को शपथ दिलाई । इस अवसर पर वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि अलवर के आर्थिक विकास को मजबूती देने में सर्राफा व्यापार समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि व्यापार और वाणिज्य को संगठित करने में हर पदाधिकारी की जिम्मेदारी बड़ी होती है। मंत्री ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अलवर के व्यापार को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अलवर के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत" के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

# भाजपा निकाय चुनाव में मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी : चौहान

**टोंक**। भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी निकाय चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं अजमेर संभाग चुनाव प्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की।



**निकाय चुनावों को लेकर भाजपा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई।**

इस दौरान निकाय चुनाव में संगठन को और अधिक मजबूत करने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी चुनावी रणनीति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में वार्डवार संगठनात्मक स्थिति, स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क, मतदाताओं से संवाद तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ पूरी मजबूती से चुनावी तैयारियों में जुटने का आव्हान किया । इस मौके पर अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। निकाय चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाते हुए जनता के बीच सक्रिय रहना होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास के आधार पर भाजपा निकाय चुनाव में मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी, भाजपा का मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। आगामी निकाय चुनाव में कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ मैदान में उतरकर

- **आगामी चुनावों को लेकर भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित**

भाजपा की नीतियों, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे । इस अवसर पर जिला सह प्रभारी रामानंद गुर्जर, विधायक राजेन्द्र गुर्जर, रामसहाय वर्मा, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा, सतीश चंदेल, गणेश माहुर, सत्यनारायण चौधरी, विजय बैंसला, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाड़ोलिया, संत कुमार जैन, शैलेंद्र चौधरी, रामचंद्र गुर्जर, बीना छामुनिया, नीलिमा आमेरा, पंकज पहाड़िया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गणेश मंदिर में विशेष कार्यक्रम आज

**कोटपूतली**। जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन विरासत को बढ़ावा देने तथा पंच गौरव के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन कोटपूतली-बहरोड़, नगर पालिका विराटनगर एवं पर्यटन विभाग, राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । कार्यक्रम का आयोजन बुधवार, 12 अगस्त 2026 को शाम 6 बजे विराटनगर स्थित गणेश मंदिर में होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन स्थलों तथा स्थानीय गौरव से जुड़े पहलुओं को प्रदर्शित एवं प्रचारित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से विराटनगर की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को पर्यटन से जोड़ने, स्थानीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा आमजन को जिले के गौरव एवं विरासत स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।

## सार-समाचार

### नीट-2026 में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान

**पावटा**। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में मंगलवार को नीट-2026 में चयनित प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए चयनित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपखंड अधिकारी पावटा बृजेश कुमार, प्रधान लालाराम यादव एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धर्मवीर जिंदोलिया मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय के उपप्राचार्य वीरेंद्र अग्रवाल ने किया । कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार गोयल द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय में लगातार शैक्षिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के प्रयासों का परिणाम है कि यहां के विद्यार्थियों ने नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय एवं पावटा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 'सरकारी स्कूलों के बच्चे भी देश के शीर्ष संस्थानों तक पहुंचें' अध्यक्षीय उद्बोधन में विधायक कुलदीप धनकड़ ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पावटा के विद्यार्थियों ने नीट में सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में भी आधुनिक संसाधन एवं बेहतर शैक्षिणक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि गांव-कस्बों के प्रतिभावान बच्चे भी देश के प्रतिष्ठित संस्थानों तक पहुंच सकें। शिक्षा ही किसी भी समाज की असली ताकत है और विद्यार्थियों की सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। समारोह के दौरान स्माइल फाउंडेशन, दिल्ली के सहयोग से विद्यालय में स्थापित नव-निर्मित कंप्यूटर लैब का अतिथियों ने अवलोकन किया। लैब में उपलब्ध सुविधाओं की सराहना करते हुए अतिथियों ने इसे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल शिक्षा आज के दौर में विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के समापन से पूर्व अतिथियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। नीट-2026 में चयनित प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की सफलता को विद्यालय की मेहनत और विद्यार्थियों के समर्पण का परिणाम बताया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक गण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय स्टाफ की ओर से सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

### संत रामप्रकाश जी महाराज ने सुनाई दादू वाणी की अमृतमयी साखी

**फुलेरा**। श्री दादू आश्रम, फुलेरा में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ दादू वाणी कथा, सत्संग, महाआरती एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर दादू वाणी का श्रवण किया और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। पूज्य संत श्री रामप्रकाश जी महाराज ने अपने मुखारविंद से संत दादू दयाल जी महाराज की अमृतमयी वाणी का रसपान कराया। उन्होंने सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दादू वाणी की साखी सुनाई-सत्संग नित प्रति कीजिये, मति होय निर्मल सार रे रुचि प्राण पतीजे, अति लह सुख अपार रे।। महाराज श्री ने कहा कि नियमित सत्संग से मन एवं बुद्धि निर्मल होती है। प्रभु के प्रति प्रेम और श्रद्धा बढ़ती है तथा व्यक्ति को जीवन में सच्चे एवं अपार आनंद की अनुभूति होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से सत्संग, सेवा और सदाचार को जीवन का हिस्सा बनाने का आ ान किया। कथा एवं सत्संग के उपरांत भव्य महाआरती हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई। महाप्रसादी की सेवा श्री बृजकिशोर जी सोंखिया (मुंबई), श्री श्याम सोंखिया (जयपुर) एवं श्री अशोक सोंखिया (जयपुर) के सौजन्य से संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान पूरे आश्रम परिसर में भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। अंत में श्रद्धालुओं ने संत दादू दयाल जी महाराज के प्रेम, सेवा, समरसता एवं सत्संग के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। यह जानकारी श्री दादू आश्रम के व्यवस्थापक धर्मदास स्वामी ने दी।

### ई-मित्र कियोस्क पर अनियमितताएं मिलने पर लाइसेंस निलम्बित

**अलवर**। जिले में संचालित ई-मित्र कियोस्क के निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितताएं मिलने पर निलम्बन व शास्ति आरोपित करने की कार्रवाई की गई। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की संयुक्त निदेशक (सिस्टम एनालिस्ट) श्रीमती नीतू बसवाल ने बताया कि ई-मित्र संचालक मोहित वर्मा के विरूद्ध प्राप्त शिकायत में जांच के दौरान कियोस्क द्वारा निर्धारित राशि से अधिक राशि वसूलना पाया गया, जिसको ओवर चार्जिंग की श्रेणी में आने पर राज्य सरकार की ईओआई गाइडलाइन के अनुसार संबंधित ई-मित्र कियोस्क को 7 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। इसी प्रकार ई-मित्र संचालक पंकज गुप्ता एवं मोनिका के कियोस्क का निरीक्षण करने पर रेट लिस्ट प्रदर्शित होना नहीं पाई गई, जिस पर राज्य सरकार की ईओआई गाइडलाइन के अनुसार उक्त अनियमितता पर संबंधित कियोस्क पर एक हजार रूपये की शास्ति आरोपित की गई। उन्होंने सभी ई-मित्र संचालकों को निर्धारित शुल्क ही वसूलने व रेट लिस्ट प्रमुख स्थान पर स्थायी रूप से लगाने के निर्देश दिये है तथा आमजन से किसी भी अनियमितता की सूचना विभाग को देने की अपील की है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मृत्यु

**कोटपूतली** । कस्बे से होकर गुजर रहे दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में ग्राम पनियाला मोड़ के पास एक युवक की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के शरण मार्केट निवासी सचिन (27) पुत्र ओमप्रकाष गुप्ता स्कूटी पर सवार होकर जा रहा था। जिसे पनियाला मोड के पास डम्फर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया। मृतक का बेहद गमगीन माहौल में मंगलवार शाम बानसूर रोड़ स्थित मोरीजावाला मोक्ष धाम में अन्तिम संस्कार किया गया।

### एडीएम ओमप्रकाश सहारण का स्थानान्तरण

**कोटपूतली** । राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को जारी की गई 183 आरएएस अधिकारियों की तबादला सूची में विगत लगभग ढाई वर्षो से यहां कार्यरत अतिरिक्त जिला कलक्टर (एडीएम) ओमप्रकाष सहारण का स्थानान्तरण कर दिया गया। सहारण को एडीएम जोधपुर शहर के पद पर लगाया गया हैं। उनके स्थान पर जयपुर नगर निगम में उपायुक्त पद पर कार्यरत अषोक कुमार शर्मा प्रथम को स्थानान्तरण कर एडीएम कोटपूतली लगाया गया हैं।

### दो दिवसीय तिरंगा प्रदर्शनी शुरु

**भरतपुर** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान 2026 के तहत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र परिसर में मंगलवार को दो दिवसीय तिरंगा प्रदर्शनी एवं जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया गया। एडीएम प्रशासन राजीव शर्मा एवं एडीएम सिटी राहुल सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। एडीएम प्रशासन राजीव शर्मा ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा चरखा संचालन, हाथ से निर्मित तिरंगे एवं खादी उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने हस्तशिल्प कलाकारों एवं कारीगरों से संवाद कर उनके उत्पादों से जुड़े श्रमिकों, आर्थिक सहायता, बाजार की उपलब्धता तथा कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों के संबंध में फीडबैक लिया। एडीएम प्रशासन ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से देशी उत्पादों, खादी एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर स्थानीय कारीगरों एवं शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को स्थानीय उत्पादों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वदेशी उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वावलंबन एवं स्वदेशी के विजन को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे प्रदर्शनी में पहुंचकर स्थानीय हस्तशिल्प एवं खादी उत्पादों की खरीदारी करें तथा कारीगरों का उत्साहवर्धन करें। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर एडीएम प्रशासन राजीव शर्मा एवं एडीएम सिटी राहुल सैनी ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

# छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 8 लाख करने की मांग

**दौसा** (निसं.)। दौसा लोकसभा क्षेत्र के सांसद मुरारी लाल मीना ने अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित वार्षिक पारिवारिक आय सीमा 2.50 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करने की मांग लोकसभा में उठाई। उन्होंने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से वर्तमान आय सीमा की समीक्षा करने की मांग की।

सांसद मुरारीलाल मीणा ने कहा कि महंगाई और बदलती सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के बीच 2.50 लाख की आय सीमा के कारण कई पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि एससी-एसटी विद्यार्थियों के लिए आय सीमा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है या नहीं। जवाब में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बताया कि एससी विद्यार्थियों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं केंद्र प्रायोजित हैं, जबकि एसटी विद्यार्थियों से संबंधित छात्रवृत्ति योजनाएं जनजातीय कार्य मंत्रालय के माध्यम से संचालित की जाती हैं। छात्रवृत्ति का वितरण संबंधित राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के माध्यम से किया जाता है। मंत्रालय ने बताया कि छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा और संशोधन निर्धारित प्रक्रिया के तहत अन्य हितधारकों तथा संबंधित मंत्रालयों एवं विभागों से परामर्श के बाद किया जाता है। सांसद मीना ने कहा कि एससी-एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए छात्रवृत्ति की आय सीमा में समयानुकूल वृद्धि जरूरी है। आय सीमा 8 लाख किए जाने से बड़ी संख्या में पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सकेगा।

## डीएपी के लिए किसानों की लंबी कतार

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर की नई मंडी स्थित किसान क्रय-विक्रय सहकारी समिति पर मंगलवार को डीएपी खाद लेने के लिए किसानों की लंबी कतार लग गई। सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान खाद लेने के लिए समिति परिसर में पहुंच गए। भीड़ बढ़ने के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। रेल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझाकर व्यवस्था संभाली। पुलिस की समझाइश के बाद फिलहाल स्थिति शांत है। किसानों का कहना है कि डीएपी खाद मिलने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसी वजह से किसान सरसों की बुआई शुरू होने से पहले ही खाद लेने के लिए बड़ी संख्या में समिति पहुंच रहे हैं। कई किसान रात और तड़के से ही कतार में लगने की बात कह रहे हैं। समिति ने कहा- सरसों की बुआई 15 सितंबर के बाद, किसान पैनिक न हों भरतपुर किसान क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के प्रभारी मनीष कुमार शर्मा ने बताया कि भरतपुर में इफको की एक रैक लगी थी।

# प्री-प्राइमेरी कक्षाओं का भुगतान भी होना चाहिए : अनिल शर्मा

**दौसा** (निसं.)। स्कूल शिक्षा परिवार दौसा के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को गैर सरकारी स्कूल संचालको ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा को सौपा।

जिला प्रभारी हेमन्द्र शर्मा ने बताया कि स्कूल शिक्षा परिवार दौसा के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा को सौपा गया। ज्ञापन में विभिन्न प्रकार की अवैध जांचों को तुरंत प्रभाव से रोके की मांग की गई। उन्होने बताया कि सभी तरह की सूचनाए पोर्टल पर पहले से ही मौजूद है फिर भी बार-बार उन्ही सूचनाओं को माँगकर अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। साथ ही आरटीई मे प्री-प्राइमेरी कक्षाओं का भुगतान भी होना चाहिए क्योकि सरकार

- **स्कूल शिक्षा परिवार ने सीएम के नाम विधायक को सौपा ज्ञापन**

प्रवेश एलकेजी-यूकेजी एवं प्रेप व प्रथम चार कक्षाओं मे दे रही है परन्तु भुगतान प्रथंम कक्षा से होता है। ऐसे में प्री प्राईमेरी कलाओं को बिना भुगतान के कैसे पढ़ाये। स्कूलो का भुगतान डीबीटी के के माध्यम से होना चाहिए तथा जो अधिकारी भुगतान में अनावश्यक देरी करें उन पर जुर्माना होना चाहिए। उन्होने बताया कि फीस एक्ट है तो सरकारी स्कूलों की तरह विभाग व पुलिस अधिकारियों का टीसी के लिए दबाव नहीं होना चाहिए, विभाग की ओर से बिना फीस दिए टीसी जारी करने के निर्देश की बजाय फीस जमा करके तुरंत टीसी जारी करने के आदेश देने चाहिए। बाल संसद में की गई घोषणाओं जैसे लैपटॉप छात्रवृतियां व विभिन्न पुरस्कारों को गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को भी देना चाहिए। गैर सरकारी विद्यालय के कर्मचारियों का भी एक्सीडेंटल बीमा लागू होना चाहिए जिसमें संस्था अपना योगदान देने के लिए भी तैयार है। उन्होने बताया कि इस प्रकार की विभिन्न मांगों को सरकार यदि 15 अगस्त तक नहीं मानती है तो 21 अगस्त को विधानसभा घेराव व अनिश्चितकालीन पड़ाव किया जायेगा। इस दौरान सियाराम सत्तावन, विजय शंकर शर्मा, मनोज हरितवाल, रफीक अहमद, विनोद शर्मा, राजेश शर्मा, ऋषिराज मीणा, राम शर्मा, ओम प्रकाश जांगिड़, विनोद गौड़, जगमोहन शर्मा, अनिल पटेल आदि संचालक उपस्थित रहे।

# निकाय-पंचायती राज चुनावों को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर

**फुलेरा**। आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायती राज चुनावों को लेकर जयपुर ग्रामीण पश्चिम कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया।

नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ जनता के बीच सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करने का

- **जयपुर ग्रामीण पश्चिम कांग्रेस की बैठक में संगठन मजबूती और चुनावी रणनीति पर मंथन**

आव्हान किया।

बैठक में जिला अध्यक्ष एवं विधायक विद्याधर सिंह चौधरी, जयपुर ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अनिल चोपड़ा, पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर, कांग्रेस सह प्रभारी चिरंजीव राव, अभिषेक चौधरी, हरीश यादव, सोशल मीडिया प्रभारी रामकिशोर चौधरी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**बैठक में मौजूद कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।**

नेताओं ने आगामी चुनावों में संगठन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए बूथ स्तर तक संपर्क और जनसंवाद बढ़ाने पर जोर दिया।

बैठक में फुलेरा क्षेत्र से जितेंद्र अग्रवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र शर्मा, दयानंद चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष निरंजन निठारवाल, गणेश बिजारणिया, योगेश सैनी, हरि शरण चतुर्वेदी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष विद्याधर सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं की एकजुटता और मेहनत के बल पर आगामी जिला परिषद, पंचायत समिति, पार्षद एवं मेयर चुनावों में पार्टी मजबूती से मैदान में उतरेगी। बैठक में कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर संगठन हित में एकजुट होने, गांव-ढाणी एवं वार्ड स्तर तक जनसंपर्क बढ़ाने और आगामी चुनावों की तैयारियों में अभी से जुटने का आव्हान किया गया।

## तिरंगा व वंदे मातरम प्रदर्शनी को सराहा

**टोंक**। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा एवं वंदे मातरम विषय पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन नगर परिषद सभागार, अग्निशमन केन्द्र टोंक में किया गया।

आमजन ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसे सराहा। प्रदर्शनी के माध्यम से वंदे मातरम गीत और तिरंगे के साथ हमारे पूर्वजों ने जिस प्रकार बलिदान देते हुए देश को आजादी दिलाई आने वाली पीढियों को उस गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा मिलेगी। इससे युवाओं एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना का संचार होगा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं तिरंगे के महत्व, इतिहास, विकास यात्रा तथा देश की आजादी में इनके योगदान को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इससे युवा एवं आमजन देश के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करते हुए गौरव का अनुभव करेंगे। प्रदर्शनी में फ्लेक्स एवं स्टैंडी के माध्यम से तिरंगे तथा राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गौरव, महत्व एवं इतिहास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन, युवाओं एवं विद्यार्थियों में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय भावना को सुदृढ़ करना है।

# 35 साल के इंतजार के बाद मिला पट्टा

**फुलेरा** । राज्य सरकार के निर्देशों के तहत आमजन को मूलभूत नागरिक सुविधाएं एवं राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित 'शहरी सेवा शिविर 2026' आमजन के लिए राहत का बड़ा माध्यम साबित हो रहा है। शिविर के दौरान एक संवेदनशील और वर्षों पुराने प्रकरण का सुखद निस्तारण करते हुए 35 वर्षों से पट्टे के लिए प्रयासरत मिश्र कॉलोनी, फुलेरा निवासी लक्ष्मण सिंह सांखला (सुपुत्र दुर्गा सिंह सांखला) को उनके भूखंड/मकान का पट्टा जारी कर मालिकाना हक प्रदान किया गया। लक्ष्मण सिंह सांखला पिछले करीब साढ़े तीन दशकों से अपने भूखंड/मकान के पट्टे के लिए प्रयासरत थे। विभिन्न तकनीकी पेचीदगियों एवं प्रक्रियात्मक देरी के चलते उनकी पट्टा पत्रावली लंबे समय से लंबित थी। शहरी सेवा शिविर के दौरान नगर पालिका फुलेरा की अधिशासी अधिकारी (ईओ) महिमा सोनी ने वर्षों से लंबित पत्रावलियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में लक्ष्मण सिंह सांखला का 35 वर्ष पुराना प्रकरण सामने आने पर ईओ ने संवेदनशीलता दिखाते हुए नियमानुसार आवश्यक प्रक्रियाएं त्वरित गति से पूरी करवाकर पट्टा जारी कराया। पट्टा हाथ में आते ही भावुक हुए लाभार्थी। शिविर में ईओ

- **शहरी सेवा शिविर के दौरान नगर पालिका फुलेरा की अधिशासी अधिकारी (ईओ) महिमा सोनी ने वर्षों से लंबित पत्रावलियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।**

महिमा सोनी ने स्वयं लक्ष्मण सिंह सांखला को पट्टा सौंपा। साढ़े तीन दशकों के लंबे इंतजार के बाद अपने आशियाने का आधिकारिक दस्तावेज हाथ में पाकर लक्ष्मण सिंह भावुक हो गए। उन्होंने ईओ महिमा सोनी एवं नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए इस जनहितैषी और पारदर्शी कार्यशैली की सराहना की। ईओ महिमा सोनी ने कहा, शहरी सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि आमजन के जायज और वर्षों से लंबित कार्यों का पारदर्शी एवं त्वरित समाधान हो सके। शासन की मंशा के अनुरूप अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक राहत पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

## तबदला की सूचना मिलते ही निगम कमिश्नर का लोगों ने किया घेराव, पुलिस बुलानी पड़ी

**अलवर**। कई अधिकारियों का जब तबादला होता है तो लोग उनके जाने पर दुख जताते है लेकिन यहां उल्टा ही नजारा देखने को मिला जैसे ही नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका का तबादला होने की सूचना लोगों की मिली तो उन्होंने नगर निगम में एकत्रित होकर आयुक्त का घेराव कर लिया आखिर में आयुक्त को अपने को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए पुलिस को बुलाना पडा ऐसा इसलिए हुआ क्योकि निगम आयुक्त ने लंबे समय से सफाई कर्मियों की नियुक्ति फाईल अटका कर रखी थी। अब नए आयुक्त के रूप में लक्ष्मी कांत कटरा पदभार ग्राहण करेगे।

- **सफाईकर्मी ऑफिस में घेरकर खड़े हुए, बोले- नौकरी की फाइल अटकी अब नए आयुक्त लक्ष्मी कांत कटरा**

मामला इस प्रकार है दरअसल, अलवर नगर निगम में साल 2012 के अभ्यर्थियों का कहना है कि कोर्ट की ओर से नियुक्ति के आदेश दिए जाने के बावजूद, अब तक उन्हें जॉइनिंग नहीं दी गई है। उनका आरोप है कि नियुक्ति से जुडी फाइल नगर निगम आयुक्त के स्तर पर अटकी रही।

इसी बीच नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका का भरतपुर ट्रांसफर ऑर्डर आ गया। इसकी सूचना पर वाल्मीकि समाज के लोग बड़ी संख्या में नगर निगम ऑफिस पहुंचे। समाज के लोगों ने नियुक्ति की मांग को लेकर आयुक्त का विरोध शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक 329 अभ्यर्थियों की नियुक्ति को लेकर कार्रवाई नहीं होती, वे आयुक्त को ऑफिस से बाहर नहीं जाने देंगे।

मामले की सूचना पर कोतवाली थाना और अखेपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। निगम ऑफिस में प्रदर्शनकारियों और अधिकारियों के बीच जमकर बहस हुई। निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका और वाल्मीकि समाज के बीच बातचीत हुई। इसके बाद वे रवाना हुए।

# भिवाड़ी में 17.30 करोड़ के ऋण के लिए लोगों ने आवेदन किया

**खैरथल**। उद्योगों को गति देने के लिए राजस्थान वित्त निगम ने मंगलवार को रीको गेस्ट हाउस, औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में मेगा बिजनेस कैम्प लगाया। कैम्प में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक उद्यिमयों को निगम की विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही ऋण आवेदन तैयार करवाए गए। कैम्प में कुल 17.30 करोड़ के ऋण आवेदन प्राप्त

- **युवाओं को 5.50 प्रतिशत ब्याज पर 2 करोड़ तक का लोन, उद्योग लगाने के इच्छुक उद्यिमयों को दी पूरी जानकारी**

हुए। रीको भिवाड़ी में लगे इस मेगा कैम्प से माना जा रहा है कि क्षेत्र में नए उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

कैम्प में अधिकारियों ने बताया कि



**राजस्थान वित्त निगम ने भिवाड़ी में मेगा कैम्प का आयोजन कर बेरोजगारों से ऋण आवेदन तैयार करवाए ।**

राजस्थान वित्त निगम उद्योग, होटल, गेस्ट हाउस, अस्पताल और विभिन्न सेवा क्षेत्र की इकाइयों को वित्तीय सहायता देता है।

रीको द्वारा आवंटित भूमि पर लगने वाली परियोजनाओं के लिए भी विशेष ऋण सुविधा उपलब्ध है। सबसे खास "युवा उद्यिमता प्रोत्साहन योजना" रही। इसके तहत पात्र उद्यिमयों को मात्र 5.50 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर अधिकतम 200 लाख तक का ऋण दिया जा रहा है । कैम्प में उद्यिमयों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और वित्तीय सहायता से जुड़ी हर जानकारी दी गई। निगम के अधिकारियों ने मौके पर ही इच्छुक लोगों के ऋण आवेदन भी तैयार करवाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगम के महाप्रबंधक पंकज पुरोहित उप महाप्रबंधक रविन्द्र और प्रबंधक प्रकाश सिंह ने कहा कि राजस्थान वित्त निगम प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर काम कर रहा है।

## विधायक पटेल ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**पावटा**। कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए मंगलवार को टोरडा गुर्जरान एवं बेरी बांध में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं उद्घाटन समारोह आयोजित किए गए। कीर्यक्रम में कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल की धर्मपत्नी राधा हंसराज पटेल ने करीब 4 करोड़ 84.75 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। टोरडा गुर्जरान स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में सड़क, नाला, इंटरलॉकिंग, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों की सौगात दी गई। इनमें गोरवा से रामेश्वर लोमोड़ होते हुए रामेश्वर छावड़ी तक सीसी सड़क एवं नाला निर्माण, बीरबल पटवारी से मुख्य चौपाल तक सीसी सड़क, ओंकार सरपंच से राजू अवाना की ओर इंटरलॉकिंग कार्य तथा मंगलदास बगीची से बरडा की ओर सड़क निर्माण शामिल हैं। इसके साथ ही चांदोली मोड़ टोरडा पर सिंगल फेस बोरिंग तथा उप स्वास्थ्य केंद्र टोरडा गुर्जरान से संबंधित कार्यों का भी उद्घाटन किया गया।